प्रेषक,

नवनीत सिंह
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
इलाहाबाद।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा— जनपद न्यायाधीश महोदय,
इलाहाबाद।

विषयः— सम्पत्ति क्रय की सूचना के संबंध में ।

आदरणीय महोदय,

विनम्र निवेदन है कि उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा सम्पादित औपचारिक प्रकिया उपरान्त प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 11 बी/76 (115.6 मी0) वृन्दावन योजना, लखनऊ आबंटित किया गया, जिसके संबंध में प्रार्थी द्वारा दिनांक 17.04.21 को उक्त भूखण्ड मु0 56,32,750/—रूपये की धनराशि नियमानुसार बैंक ऋण के उपरान्त प्राप्त किया गया ।

उपरोक्त राशि में प्रार्थी के पिता द्वारा मु0 दस लाख रूपये जरिये चेक संख्या 951730 दिनांक 22.03.21 प्रदान किये गये, मु0 7,32,750/—रूपये राशि प्रार्थी द्वारा सेविंग एकाउन्ट संख्या 35019462434 से एवं शेष धनराशि बैंक ऋण द्वारा प्रदान किये गये। जिसका प्रतिमाह किश्त प्रार्थी के सेविंग एकाउन्ट से कट रहा है।

उपरोक्त भूखण्ड उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद से आबंटन पश्चात् प्राप्त किये जाने के कारण प्रार्थी क्रय पूर्व सूचना माननीय न्यायालय को प्रेषित नहीं कर सका।

तदनुसार प्रस्तुत प्रत्यावेदन संसूचना रूप में संदर्भित अनुमति की प्रत्याशा में सहानुभूतिपूर्वक विचार हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष सादर प्रस्तुत करने की कृपा करें।

ससम्मान।

दिनांक 13.12.2021

भवदीय,
13.12.21
(नवनीत सिंह)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
इलाहाबाद।

संलग्नकः—

1. परिषद द्वारा निर्गत आबंटन पत्र
2. विलेख की छायाप्रति
3. संदर्भित बैंक विवरण की प्रति